ont>

Title: Need to take steps to check spread of jaundice in Rajnandgaon in Chhattisgarh.

डॉ.रमण सिंह(राजनंदगांव) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र राजनंदगांव शहर के पीलिया प्रभावित क्षेत्र में उत्पन्न गम्भीर स्थिति की ओर दिलाना चाहता हूं। पिछले तीन दिनों में राजनंदगांव शहर के बहुत बड़े हिस्से में पीलिया से नगर का श्रमिक बाहुल्य इलाका लाखोली वार्ड के संतोाीनगर, बैगावारा, संजय नगर, गुरुमखदानपारा, चक्की पारा में 1500 से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। मैं कल क्षेत्र का दौरा करके लौटा हूं। वहां 150 लोग जो पीलिया से प्रभावित हुए, उन्हें जिला अस्पताल में एडमिट किया गया। अभी तक चार की मौत हो चुकी है और 10 गम्भीर रूप से पीड़ित राजधानी रामपुर में मैकहारा अस्पताल में एडमिट हैं। पीलिया का संक्रमण आसपास के वार्डों में फैल रहा है। स्थानीय मोहल्लों के चिकित्सा शिविर में सैंकड़ों लोग आ रहे हैं। पेय जल के स्रोत बोरिंग का पानी व नल का पानी भी संक्रमित हो गया है। मोहल्ले के तालाब में शहर के गंदे नाले का पानी आने से तालाब पूर्णतः प्रदूाित हैं। राजनंदगांव शहर में एक समय पानी दिया जा रहा है। नलकूप में पानी का स्तर नीचे चला गया है। शहर में भीाण पेयजल संकट है। पेय जल की योजना वाोँ से लंबित है। राज्य सरकार शुद्ध पेयजल देने में असफल रही है। मेरा स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन है कि वह राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दे। चिकित्सकों का दल राजनंदगांव जाए ताकि राजनंदगांव में पीलिया के संक्रमण पर रोक लग सके। इसके साथ ही राजनंदगांव को पीलियाग्रस्त क्षेत्र घोाित करे।